हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 जून 2026

06 कुछ क्षेत्रों में होने लगी बोवनी तो कहीं अभी अच्छी...

07 शासकीय शाला सब्दलपुर में बगैर कार्य प्रतिमाह...

खबर संक्षेप

विभागों से मांगी उपलब्धियों की जानकारी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की विकास पुस्तिका के प्रकाशन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं, उपलब्धियों, विशेष अभियानों, निर्माण कार्यों और नवाचारों की अद्यतन जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विकास पुस्तिका जिले के विकास कार्यों और योजनाओं का समग्र दस्तावेज होगी। विभागों से बुलेट प्वाइंट्स में तथ्यात्मक विवरण तथा उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ मांगे गए हैं। उन्होंने आंकड़ों के सत्यापन पर विशेष जोर देते हुए समयसीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अपराधियों पर एसपी ने इनाम घोषित किया

विदिशा। एसपी रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों में इदरीश बेदी पुत्र नईम अख्तर निवासी मालवीय वार्ड नंबर 16 व हनुमान नगर लोधीपुरा बुरहानपुर जिला बुरहानपुर तथा सिविल लाइन जिला में दर्ज अपराध के फरार आरोपी हेमंत पुत्र नारायण प्रसाद पचौरी निवासी ए-21 बालाजी एवेन्यु थाना सिविल लाइन की सूचना देने वालों को 5-5 हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

अद्भुत संयोग में आठवें मंगलवार का समापन

विदिशा। बहरा बाबा घाट पर ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार यानि आठ विशेष मंगलवारों की श्रृंखला का समापन होगा। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित शिवरामदास ने बताया कि 100 वर्ष बाद हनुमानजी की आराधना के लिए आठ बड़े मंगलवार का दुर्लभ संयोग बना। प्रत्येक मंगलवार को विशेष सजावट, झांकियां एवं सवामणी भोग अर्पित किए गए। अंतिम मंगलवार को मंदिर गर्भगृह को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा तथा सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

चार माह के मासूम को मिला नया जीवन

विदिशा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना से हाइड्रोसिफेलस से पीड़ित चार माह के मासूम योगेश को नया जीवन मिला है। ग्राम खेजड़ा अहमदपुर निवासी कुलदीप कुशवाह के पुत्र योगेश में गर्भावस्था के दौरान ही बीमारी की आशंका चिन्हित हो गई थी। जन्म के बाद चिकित्सकों ने तत्काल उपचार की आवश्यकता बताई। आरबीएसके टीम ने पहल करते हुए सभी प्रक्रियाएं पूरी कर चिरायु मेडिकल कॉलेज में इलाज सुनिश्चित कराया। 1 अप्रैल 2026 को आयुष्मान योजना के तहत सफल ऑपरेशन हुआ। अब योगेश पूरी तरह स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग और डीईआईसी टीम उसकी नियमित फॉलोअप जांच भी कर रही है।

पवित्र ग्रंथ पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है, जिसे भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत लाया गया।

350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का डिजिटलीकरण, ज्ञान भारतम मिशन से जुड़ी अमूल्य धरोहर, शोध, संरक्षण को मिलेगा आयाम

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत देश की प्राचीन पाण्डुलिपियों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण की दिशा में विदिशा जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन तथा बासौदा एसडीएम अनुभा जैन के मार्गदर्शन में बासौदा नगर में संरक्षित लगभग 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का डिजिटलीकरण कर उसे ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया गया है। बासौदा के सदर बाजार स्थित चाचा वाली गली निवासी शिव कपूर एवं छोटू कपूर के परिवार के पास सुरक्षित यह दुर्लभ ग्रंथ गुरुमुखी भाषा में हस्तलिखित है। लगभग 750 पृष्ठों वाला यह दस्तावेज धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। परिवार के अनुसार यह पवित्र ग्रंथ उनके पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है, जिसे भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत लाया गया था। तब से कई पीढ़ियों से यह ग्रंथ श्रद्धा और सावधानी के साथ संरक्षित किया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि सदियों पुराना यह हस्तलिखित ग्रंथ आज भी अपनी मूल अवस्था में सुरक्षित है, जो उस दौर की लेखन शैली, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत प्रमाण प्रस्तुत करता है। ज्ञान भारतम मिशन के तहत इसके



डिजिटलीकरण से अब इसकी दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी और शोधकर्ताओं, इतिहासकारों तथा विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

पहचान कर मिशन से जोड़ा जा रहा

आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन धरोहरों को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित कर भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कपूर परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी और महत्वपूर्ण योगदान बताया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जिले में निजी एवं सार्वजनिक संग्रहों में संरक्षित दुर्लभ पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों और ऐतिहासिक दस्तावेजों की पहचान कर उन्हें मिशन से जोड़ा जा रहा है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों के आवेदनों की कलेक्टर ने की समीक्षा

83 हजार आवेदनों में 80 हजार का निराकरण पर प्रदेश की रैंकिंग में विदिशा 17वें स्थान पर

- गैरहाजिर अधिकारियों पर पीएस को पत्र भेजने निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों से जनकल्याण शिविरों में एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं, उनके संबंध में संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया जाए कि संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी शिविरों में उपस्थित नहीं रहे, जिससे आमजन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई हुई।

18 जून तक जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर अभियान के अंतर्गत कुल 83 हजार 434 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 80 हजार 430 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष प्रकरणों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक आवेदन की नियमित निगरानी की जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ मिल सके। बैठक में बताया गया कि 22 जून की स्थिति में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला 17वें स्थान पर है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और मांगों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे आमजन का शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा तथा जनकल्याण शिविरों की उपयोगिता भी सुनिश्चित होगी।

विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

यहां विदिशा चौथे स्थान पर, कलेक्टर को मिला प्रशंसा पत्र

विदिशा। युवा संगम कार्यक्रम में द्वारा बहुमूल्य योगदान के लिए रोजगार आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की है। मध्यप्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में विदिशा जिला उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। रोजगार आयुक्त मप्र गिरीश शर्मा द्वारा माह मई 2026 में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार गतिविधियों में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है। प्रदेश में विदिशा जिला रैंक-4 पर रहा। यह उपलब्धि जिले की टीम एवं युवाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

महिलाओं के लिए निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर आज

आधार, वोटर आईडी, जन्मतिथि दस्तावेज लाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आज आरटीओ कार्यालय में महिलाओं के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को वाहन चलाने के लिए वैध लाइसेंस उपलब्ध कराना है।

विभाग के अनुसार लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया ऑनलाइन है। आवेदक को परिवहन विभाग के 'सारथी' पोर्टल पर आवेदन कर ऑनलाइन टेस्ट देना होगा। टेस्ट में 20 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 12 सही उत्तर देने पर आवेदक उत्तीर्ण माना जाएगा और उसका लर्निंग लाइसेंस ऑनलाइन जारी हो जाएगा। महिला आवेदकों के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। शिविर में आने वाली महिलाओं को आधार कार्ड (मोबाइल नंबर अपडेट सहित) अथवा वोटर कार्ड तथा जन्मतिथि प्रमाण के लिए 10वीं की अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। परिवहन विभाग के कर्मचारी आवेदन एवं लाइसेंस प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

82 पीड़ितों को मिलेगी 42.50 लाख की राहत

हरिभूमि न्यूज विदिशा। वर्ष 2026-27 में प्राप्त राहत प्रकरणों की समीक्षा एवं स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय राहत अनुशंसा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पात्र पीड़ितों को राहत राशि प्रदान करने संबंधी प्रकरणों का परीक्षण कर आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की 14 अप्रैल 2016 से प्रभावशील अधिसूचना तथा मप्र शासन के संशोधित निर्देशों के अनुरूप राहत प्रकरणों पर निर्णय लिया गया। समिति ने अनुसूचित जाति वर्ग के 62 प्रकरणों में 78 पीड़ितों को कुल 40 लाख रुपये तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 4 प्रकरणों में 4 पीड़ितों को 2 लाख 50 हजार रुपए की राहत राशि स्वीकृत की। इस प्रकार कुल 66 प्रकरणों में 82 पीड़ितों के लिए 42 लाख 50 हजार रुपए की सहायता मंजूर की गई है।

गोसेवा और पौधरोपण किया, आज निकलेंगे शोभायात्रा

भगवान शिव का अभिषेक, रक्तदान शिविर और महाआरती के होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

महेश नवमी महोत्सव के तहत 3 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को महेश्वरी समाज ने गोपाल कृष्ण गौशाला में गौसेवा एवं पौधरोपण किया। तीसरे एवं अंतिम दिन आज मंगलवार को भगवान शिव के उत्पत्ति दिवस के उपलक्ष्य में अभिषेक एवं रक्तदान शिविर लगेगा। शाम को माहेश्वरी धर्मशाला नंदवाना से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर माहेश्वरी भवन तलैया पहुंचेगी। यहां महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष गोविंद राठी सहित गोपालदास राठी, निलेश सुरजन, रेखा मालपानी, मीना माहेश्वरी, दिनेश काबरा, संजय राठी, सचिव आशीष माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

उमस से जनजीवन प्रभावित, लोग बेहाल: विदिशा। शहर में बढ़ी उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिनभर चिपचिपी गर्मी के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में नमी बढ़ने से पसीना अधिक निकल रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

दावा: 16 विभागों ने मिलकर किए हजारों जल संरक्षण कार्य, 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, चेक डैम और जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 16 विभागों द्वारा समन्वित रूप से व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत तालाब, कुएं, बावड़ियां, नदियां और अन्य जल स्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण, संरक्षण तथा जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 1467 खेत तालाब, 1613 डगवेल रिचार्ज तथा 812 मनरेगा आधारित जल संरक्षण कार्य पूरे किए हैं। साथ ही 28 बावड़ियों की सफाई, मरम्मत और नवीनीकरण किया गया। वन विभाग ने भूजल संवर्धन से जुड़े 28,403 कार्य पूर्ण किए हैं, जिनमें चेक डैम, परकोलेशन तालाब और कंटूर ट्रेंच शामिल हैं। नगरीय विकास विभाग ने जल स्रोत संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित 180 कार्य पूरे किए।

2038 स्कूलों पेयजल गुणवत्ता परीक्षण कराया

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दावा है कि 2038 स्कूलों और 1115 आंगनबाड़ियों में पेयजल गुणवत्ता परीक्षण कराया तथा 161 नल-जल योजनाओं में पाइपलाइन और नलों की मरम्मत की। वहीं जन अभियान परिषद ने 180 जल चौपाल, 112 प्रभात फेरियां, 149 जल स्रोत पूजन, 112 जल स्रोतों की सफाई एवं गहरीकरण सहित अनेक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। प्रशासन का उद्देश्य जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना और भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित करना है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास, रिश्तों की महत्ता पर साझा हुए अनुभव

प्रेरणा मंच की गोष्ठी में रिश्तों और योग पर सार्थक विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था प्रेरणा मंच की मासिक गोष्ठी नवनीता पांडेय के मुखर्जी नगर स्थित निवास पर आयोजित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संक्षिप्त योगाभ्यास से हुई। इस दौरान डॉ. कमल चतुर्वेदी ने महर्षि पतंजलि के प्रसिद्ध योग सूत्र 'योगश्चित्तवृत्ति निरोधः' की व्याख्या करते हुए कहा कि योग मन की चंचलता को शांत कर जीवन में संतुलन और सकारात्मकता लाने का माध्यम है। गोष्ठी का मुख्य विषय 'रिश्ते-नाते' रहा, जिस पर मंच के सदस्यों ने अपने विचार, अनुभव और रचनाएँ प्रस्तुत कीं। अध्यक्ष डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति रिश्तों के उत्सव की संस्कृति है और निःस्वार्थ भाव से निभाए गए रिश्ते परिवार व समाज को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने अपनी कविता 'रिश्तों का हर मौसम, खूब फूले-फले' का पाठ भी किया। संतोष नामदेव ने 'अटूट-नाता' रचना के माध्यम से स्थायी रिश्तों की संवेदनशीलता को उकेरा। नवनीता पांडेय ने रिश्तों में संतुलन, लचीलापन और आत्मीयता की आवश्यकता पर बल दिया।

कुसुम तोमर, रितु देवलिया, ज्योति जाधव, रेखा वर्मा, अभिलाषा नामदेव, डॉ. रेखा श्रीवास्तव तथा जागृति अवस्थी ने भी अपने विचारों, संस्मरणों और काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से रिश्तों के विभिन्न आयामों को सामने रखा। संजीव पांडेय ने प्रेरणा मंच द्वारा आयोजित इस गोष्ठी के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी ने रिश्तों की गरिमा, आत्मीयता और मानवीय मूल्यों को सशक्त रूप से रेखांकित किया।

विदिशा। गोष्ठी ने रिश्तों की गरिमा, आत्मीयता और मानवीय मूल्यों को सशक्त रूप से रेखांकित किया।

टीएल बैठक में योजनाओं राजस्व प्रकरणों और जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों तथा जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। विभागवार प्रस्तुत पीपीटी के माध्यम से शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग, केंद्रीय एवं प्रभारी मंत्री के पत्रों की स्थिति, स्कूल प्रवेश अभियान, आईटीआई एवं एनआरसी भर्ती, लाड़ली बहना योजना के ट्रांजेक्शन फेल प्रकरण, नल-जल योजनाएं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, छात्रावास प्रवेश तथा राहत राशि वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वर्षा ऋतु में जलभराव रोकने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया।

मोहर्रम: शुक्रवार 26 जून को कर्बला रवाना होंगी सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जनरल मोहर्रम कमेटी ने मोहर्रम के कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी है। समिति के अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली (मुश्शी) ने बताया कि मोहर्रम की पहली तारीख 17 जून से कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं।

21 जून को आलम साहब की सवारी खड़ी होगी, 22 जून को इमामबाड़े में कव्वाली का आयोजन हुआ। आज 23 जून को मोहर्रम की 7वीं तारीख पर सभी सवारियां इमामबाड़े पहुंचेंगी तथा सेहरा और नाल लेने का कार्यक्रम होगा। 24 जून को बुर्राख का डोला इमामबाड़े से जय स्तंभ चौराह तक निकाला जाएगा। 25 जून को अनार शाह की सवारी शहर भ्रमण करेगी तथा रात में जुलूस निकाला जाएगा।

26 जून को मोहर्रम की 10वीं तारीख पर सभी सवारियां इमामबाड़े में एकत्रित होकर कर्बला के लिए रवाना होंगी, जहां उनका विसर्जन किया जाएगा। 27 जून को सवारियां नदी पर जाएंगी। समिति ने सभी से सौहार्द, अनुशासन के साथ कार्यक्रमों में शामिल होने अपील की है।

योजनाओं पर हुआ मंथन: विदिशा। रघुवंशी समाज साख सहकारी संस्था की वार्षिक साधारण सभा सोमवार को हुई। कार्यक्रम में जिले के उप पंजीयक ध्रुव कुमार झारिया उपस्थित रहे। सभा में संस्था के प्रशासक कैलाश चंद्र यादव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एमएस भदौरिया, सुरेश बरकड़े एवं किशोर कुमार अहिरवार, संस्था के पूर्व अध्यक्ष सरदार सिंह रघुवंशी, मोहर सिंह रघुवंशी, निरंजन सिंह रघुवंशी, जपं अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ग्राम कालीपठार के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

गंजबासौदा। नगर से सटे ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी के कालीपठार क्षेत्र में पिछले कई माह से ट्रांसफार्मर जला पड़ा होने से वहां के भीषण गर्मी में पूरे ग्रामीण बिजली संकट से जूझते नगर आ रहे रहे हैं। सोमवार को कई ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय आकर वहां अधिकारियों को बिजली उपलब्ध कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अब जल्द से जल्द विद्युत विभाग नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल करे। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है और बस्ती में बिजली नहीं होने से पेयजल आपूर्ति और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कलीपठार को शहर फीडर से जोड़ने की मांग भी की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने वह बाध्य होंगे।

बैहलोट फीडर पर आज रहेगा विद्युत प्रदाय बंद

गंजबासौदा। मंगलवार 23 जून को विद्युत कंपनी द्वारा 11 केवी बैहलोट फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते इस फीडर से जुडे क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रखा जाएगा। इस फीडर से जुडे बरेठ रोड, सुभाष निकेतन गली, लड्ढा एजेंसी गली सहित अन्य क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। विद्युत अधिकारियों के अनुसार मेंटेनेंस कार्य के चलते विद्युत कटौती की समय घटाया या बढाया भी जा सकता है।

दिव्यांग जनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एडीप योजना अंतर्गत खंड स्तरीय शिविर का आयोजन सोमवार को नगरपालिका परिसर गंजबासौदा में किया गया। जिसमें एलिम्को उज्जैन से आई हुई टीम ने दिव्यांग जनों का परीक्षण किया एवं उनको उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरण हेतु चिन्हांकित किया।

नपा परिसर में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, सीएमओ अशोक वर्मा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, संजय भावसार आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस शिविर में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 50 दिव्यांग जनों का विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया। जिनको विभिन्न उपकरण जैसे कान की मशीन, ट्राईसाइकिल, मोटरेट

ट्राईसाइकिल, छड़ी, वॉकर, रोल्टर कैलीपर्स आदि का पंजीयन किया गया जो अगले शिविर में संबंधित दिव्यांगजनों को बाटें जायेंगे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से नगर के सभी वार्डो के 50 दिव्यांग भाई बहनों को सीधे लाभ पहुंचाया गया। ताकि उनका जीवन अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश, 29 से आ सकता है मानसून

कुछ क्षेत्रों में होने लगी बोवनी तो कहीं अभी अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में मानसून पूर्व की बारिश खंडवृष्टि के रूप में हो रही है। इस कारण कहीं प्री मानसून की अच्छी बारिश बोवनी योग्य हो चुकी है और वहां किसानों ने उडद एवं सोयाबीन की बोवनी शुरू कर दी है। जबकि शेष इलाके में अभी किसानों को बोवनी के लिए अच्छी बारिश का इंतजार है। हांलाकि गत दिवस की तरह सोमवार को भी इलाके में बारिश हुई, लेकिन इस बार भी कहीं कम तो कहीं झमाझम पानी बरसा है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इलाके में 100 मिमी के आसपास बारिश होने पर सोयाबीन की बोवनी के लिए अनुकूल परिस्थिति होती है। हांलाकि इस बार मानसून पूर्व की अच्छी बारिश हो रही है, लेकिन इलाके में खंडवृष्टि के रूप में हो रही बारिश से किसान परेशान हो रहे हैं। ग्राम बावली एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले दिनों प्री मानसून की अच्छी बारिश होने से वहां के किसानों ने सोयाबीन उडद की बोवनी शुरू कर दी है। वहां के किसान सत्यम दुबे ने बताया कि अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ चुकी है और अब किसान बोवनी करने में जुटे हुए हैं। जबकि दूसरी ओर नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में कम बारिश हुई है। जिससे किसान बोवनी नहीं कर पा रहे हैं और अभी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम ककरावदा के संतोष रघुवंशी, विजय सिंह, स्यारी के मोनू लोधी, बडवासा के सुरेन्द्र सिंह, काजी किरोंदा के सुनील दांगी के अनुसार प्रतिदिन बारिश तो हो रही है, लेकिन बोवनी लायक पानी अभी नहीं बरसा है। ऐसे में पर्याप्त नमी के बिना बोवनी करना जल्दबाजी होगी और अंकुरण प्रभावित हो सकता है। इसलिए किसान अभी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उधर मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों के अनुसार मंगलवार को भी इलाके में अच्छी बारिश के संकेत हैं। जबकि इसके बाद आगामी 28 जून तक मौसम खुला रहेगा और कभी कभार बारिश हो सकती है। इसके बाद 29 जून से मानसून की बारिश शुरू होने का पूर्वानुमान है।

टक्कर में बाइक सवार गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम घटेरा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ग्राम बडीवीर निवासी राजू आदिवासी को टक्कर मार दी। जिससे राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 की टीम ने राजू को त्योंदा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां उसे प्राथमिक उपचार देते हुए चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखकर उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया, लेकिन समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में राजू के पिता लालाराम आदिवासी द्वारा उसे निजी वाहन से विदिशा ले जाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में एंबुलेंस सेवा बदहाल पडी हुई है। गंभीर मरीजों एवं घायलों को त्वरित अस्पताल या उच्च उपचार के लिए विदिशा भेजने में मरीजों के परिजनों को काफी परेशानी उठानी पडती है। ऐसे में कई बार समय पर एंबुलेंस न मिलने से कई घायलों की जान भी जा चुकी है। इस संबंध में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को शिकायत करने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जिससे मरीज, घायल और उनके परिजन आए दिन परेशान हो रहे हैं।

अमर सिंह तोमर बने प्रांतीय सह सचिव

गंजबासौदा। मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन ने शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाने वाले शिक्षक नेता अमर सिंह तोमर माध्यमिक शाला कंजना को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रांतीय सह सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से संभाग और जिले के शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि अमर सिंह तोमर के नेतृत्व में शिक्षकों के लंबित मुद्दों और अधिकारों की लड़ाई को नई धार मिलेगी। यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की अनुशंसा पर की गई। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद प्रदेश के शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे एबं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया है। बधाई देने एवं आभार व्यक्त करने वालों में उमेश सोनी प्रदेश महामंत्री,नवल सिंह जिलाध्यक्ष ,संजीव रघुवंशी कार्यकारी संभांगाध्यक्ष, शफाकत हुसैन कादरी, नीलम रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, लम्पूराम अहिरवार,जितेन्द्र नामदेव, महेंद्र सिंह, निर्भय सिंह, राहुल शर्मा, अरुण पांडे, काशीराम मालवीय, अभिषेक माथुर, अजय शर्मा, रामराज सिंह दांगी, दीपक नामदेव, ज्ञान सिंह लोधी, संजय अहिरवार, संजय विश्वकर्मा, कृपाराम सेन, पूरन सिंह लोधी, माधवी भाटिया, अनीता ठाकुर, सपना शर्मा, रितु सिंह, तृप्ति तिवारी, रश्मि राजपूत, सरिता ठाकुर, प्रेमिला रघुवंशी, सरस्वती सेन, अनीता साहू, ममता छावड़ा, भारती शर्मा, मुक्ता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

हर-हर महादेव के जयघोष की गूंज से के साथ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड स्थित कालाबाग में नव निर्मित शिवालय में आयोजित श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, कलश यात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। काला बाग स्थित नव निर्मित शिवालय में श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल आचार्यों के सान्निध्य में गणेश पूजन, देव आवाहन, मंडप प्रवेश एवं अन्य वैदिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन रुद्राभिषेक, यज्ञ, हवन, पूजन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचन होंगे। 24 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, महापूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी एवं स्थानीय श्रद्धालु सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। प्रमुख रूप से हरजीत सिंह जोसन (पप्पू सरदार), अवधेश तिवारी, निरंजन सिंह रघुवंशी, टीएल शुक्ला, रामकरण सिंह रघुवंशी, सुरेंद्र सिंह यादव, रामकृष्ण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

साप्ताहिक श्रमदान में शामिल हुए प्रशासनिक अधिकारी

गंजबासौदा। बेतवा नदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल के तत्वावधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 37वाँ चरण रविवार को जनसहभागिता और प्रशासनिक सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। अभियान में एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव एवं पटवारी दीप्ति दुबे ने श्रमदान दल के सदस्यों के साथ घाट पर उतरकर कंधे से कंधा मिलाते हुए श्रमदान किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया। लगातार साढ़े पाँच वर्षों से बिना किसी विराम के संचालित यह अभियान अब केवल सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसहभागिता का सशक्त जनआंदोलन बन चुका है।

प्रत्येक रविवार श्रमदान दल के सदस्य एवं जागरूक नागरिक बेतवा नदी के घाटों एवं तलहटी से प्लास्टिक, पूजा सामग्री, शराब की खाली बोतलें तथा अन्य अपशिष्ट निकालकर नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने का कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद दल का यह सतत प्रयास समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर रहा है। रविवार को आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में विशेष बात यह रही कि प्रशासनिक अधिकारियों ने केवल औपचारिक उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, बल्कि श्रमदान दल के साथ मिलकर नदी की तलहटी से कचरा निकालने में सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों की यह सहभागिता जन-जागरूकता की दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायी रही। साथ ही यह संदेश भी स्पष्ट रूप से सामने आया कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक विभाग, संस्था या संगठन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। और यही कारण था कि नगर प्रशासन के उच्च अधिकारी बिना किसी दिखावे के नदी स्वच्छता कार्यक्रम के सहभागी बने। श्रमदान अभियान का मूल उद्देश्य भी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने शासकीय, अशासकीय, व्यावसायिक पेशे एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समय निकाले। इसी संकल्प को श्रमदान दल के सदस्य पिछले साढ़े पाँच वर्षों से निरंतर निभा रहे हैं। इस अभियान की एक विशेष प्रेरणादायी कड़ी पटवारी दीप्ति दुबे की सहभागिता भी रही। उन्होंने बताया कि बेतवा नदी स्वच्छता अभियान की खबर हमारे समाचार पत्र में पढ़ने के बाद वे इस जनआंदोलन से प्रभावित हुईं और न केवल स्वयं बल्कि अपनी छोटी बहन सलोनी दुबे एवं भतीजे के साथ श्रमदान करने घाट पर पहुंचीं। उन्होंने श्रमदान दल के साथ मिलकर नदी से कचरा निकालने में सक्रिय सहयोग दिया। पटवारी दीप्ति दुबे या प्रशासनिक महकमें या पिछले कुछ सप्ताह से निरंतर जुड़ रहे नए युवाओं का नदी स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सकारात्मक पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और जनसहभागिता बढ़ाने की प्रभावी शक्ति भी है।

श्रमदान दल ने नगरवासियों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, युवा मंडलों एवं पर्यावरण प्रेमियों से आगामी रविवार आयोजित होने वाले विशेष श्रमदान अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। मौसम अनुकूल रहने पर यह विशेष अभियान गंज पुल क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। दल ने बताया कि नदी की तलहटी से निकाले जाने वाले कचरे को पुल के ऊपर तक पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की आवश्यकता होगी। इसलिए प्रत्येक जागरूक नागरिक का सहयोग इस अभियान की सफलता और बेतवा नदी के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुहर्रम कमेटी ने ज्ञापन सौंपा

गंजबासौदा। मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने सोमवार को नपा कार्यालय पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मोहर्रम पर्व की पूरी रूपरेखा बताते हुए नपा प्रशासन से पर्याप्त व्यवस्थाएं करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि आगामी 24 को हैदर अखाडा निकलेगा, 25 को रात्रि 9 बजे से विभिन्न क्षेत्रों से सवारियां उठेंगीं और 26 जून को सभी क्षेत्रों के ताजिए गांधी चौक पर एकत्रित होंगे। जिसके बाद ताजियों का चल समारोह निकलेगा और करबला घाट पर उनका विसर्जन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है किइस पर्व के दौरान साफ सफाई सहित सुरक्षा की व्यवस्था कराई जाए, करबला घाट पर रोशनी, जनरेटर, तैराकों एवं नाव की व्यवस्था कराई जाए।

सात सदस्यीय टीम के साथ मंदिर सजाने संवारने में लगे गोविंद

बाबा जगन्नाथ दास की तपोभूमि का श्रृंगार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में 25 दिन बाकी हैं, लेकिन स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में मानो महाप्रभु के आगमन की आहट सुनाई देने लगी है। जिस धाम को श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ स्वामी की मौसी का घर कहते हैं, वहां इन दिनों हर सुबह ब्रश से बारीकियां और रंगों की खुशबू के साथ सेवा का एक अनूठा अध्याय लिखा जा रहा है।

सात मंजिला मंदिर का हर खंभा, हर मेहराब और हर शिखर जैसे कह रहा है महाप्रभु आपका घर तैयार हो रहा है। मंदिर की यह केवल रंगाई-पुताई नहीं है बल्कि उस आस्था का श्रृंगार है, जिसे सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज ने अपनी तपस्या से सींचा था। दूर से नजर पड़ते ही गुलाबी आभा से दमकता सात मंजिला नौलखी मंदिर इन दिनों मन को जहां बरबस ही अपनी ओर खींच रहा है। वर्षों बाद लौटी यह दिव्यता मानो स्वयं कह रही हो महाप्रभु आपकी मौसी का घर

आपके स्वागत के लिए सजकर तैयार है। मालूम हो कि नगर की प्रमुख आस्था और श्रद्धा के केंद्र स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में करीब डेढ़ महीने से रंग रोगन और मरम्मत का कार्य नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य और मार्गदर्शन में जोर-शोर से चल रहा है। सात मंजिल मंदिर के शिखर से लेकर प्रवेश द्वार तक के रंग रोगन का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा नगर में 16 जुलाई को धूमधाम से निकिली जाएगी इससे पहले ही मंदिर पूरी तरह उनकी अगवानी में सज कर संवरकर तैयार हो जाएगा। हर वर्ष रथ महोत्सव के मौके पर रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। नगर भ्रमण के बाद वह 11 दिन तक स्टेशन रोड स्थित अपनी मौसी के घर रुकते हैं जहां उनके आगमन पर प्रतिदिन जिले भर के संगीत कलाकारों द्वारा उत्सव का आयोजन होता है। नगर में रथ यात्रा की यह परंपरा करीब 100 साल पहले बाबा जगन्नाथ दास जी द्वारा प्रारंभ की गई थी जो आज भी चल रही है। नौलखी धाम के सौंदर्यीकरण में करीब डेढ़ महीने से अपनी सात सदस्यीय टीम के साथ रंगों के शिल्पी गोविंद मंदिर में रंग-रोगन के काम को केवल प्रभु सेवा का अवसर मानकर बिना रुके और थके पूरा करने में जुटे हुए हैं।

वह मंदिर की प्राचीन नक्काशी, मेहराबों और शिखरों पर वे केवल रंग नहीं चढ़ा रहे, बल्कि श्रद्धा और आस्था का श्रृंगार कर रहे हैं। किस आकृति पर कौन-सा रंग मंदिर की गरिमा को और निखारेगा, इसका चयन वे बड़े धैर्य और भाव से करते हैं। उनके हाथों से उभरता हर रंग बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज की तपोभूमि की दिव्यता को और अधिक प्रखर बना रहा है।

हनुमान चालीसा पाठ का 134वां चरण भक्ति भाव के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के विशेष अभियान के अंतर्गत शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ का 134वाँ चरण सुभाष निकेतन वाली गली स्थित स्पंदन अकादमी के समीप श्री शिव मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने सहभागिता कर धर्म एवं समाज के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम के आरंभ से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक रही कि मंदिर परिसर पूरी तरह भर गया तथा अनेक श्रद्धालुओं को मंदिर के बाहर बैठकर ही सामूहिक पाठ में सम्मिलित होना पड़ा। सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया और ₹जय श्रीराम, जय हनुमान तथा हर-हर महादेव के जयघोषों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा और एकाग्रता के साथ पाठ में सहभागिता कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। सामूहिक पाठ के पश्चात भगवान श्री हनुमान एवं भगवान शिव की विधिवत आरती की गई। आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू चेतना सेवा समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर कर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण की सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना भी है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए अब कुछ समय तक नगर के भीतर स्थित मंदिरों में ही हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि नगर से दूर स्थित मंदिरों में आयोजन वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद पुनः प्रारंभ किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान समिति की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से प्रभावित होकर नीलेश श्रीवास्तव ने हिंदू चेतना सेवा समिति की सदस्यता ग्रहण की। समिति पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। इस अवसर पर लखन गुर्जर, नंदकिशोर वर्मा, आकाश जैन, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, राजू सिंह दांगी, जसवंत सिंह राजपूत, अर्णव रघुवंशी, मनोज कुमार सेन, नरेंद्र राय, अखिलेश तिवारी, हर्षित मिश्रा, अर्पित विश्वकर्मा, हर्षित विश्वकर्मा, निशिकांत माथुर, देवांश माथुर, अनिकेत पाल, महेंद्र पाल, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ऋतिक पांचाल, अंशुल सेन, रवि रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, जैत्र राजपूत, आदित्य सेन, नरेश रजक, राम नारायण साहू, गजराज राय, अर्णव तिवारी, अनय तिवारी, लव गुर्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं मोहल्ले की मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

बीआरसी,सीएसी का नाम लेकर प्राध्यापक ने मामले से झाड़ा पल्ला

शासकीय शाला सब्दलपुर में बगैर कार्य प्रतिमाह रसोईया ले रही वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विभागीय अधिकारियो के कागजो में किया जा रहे निरीक्षणो को फायदा उठा रहें षिक्षक व रसोईया

शासकीय माध्यमिक शाला सब्दलपुर में मध्यान भोजन को लेकर रसोईया का बिना कार्य किए राषि लेने का मामला सामने आया। शाला में वल्लभ भाई पटेल स्व सहायता समूह की कोषाध्यक्ष चंदा बाई शर्मा के प्रतिनिधि तुलसीराम शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि विगत तीन माह में शाला में मध्यान भोजन बनाने वाली एक रसोईया इंदौर में कार्य कर रही है। लेकिन फिर भी शाला प्रबंधन द्वारा उक्त रसोईया को काम पर नही आने पर भी प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। इस मामले में स्कूल के प्राध्यापक ने अपना पल्ला झाडते हुए कहा कि जन षिक्षा केन्द्र एंव सीएसी द्वारा वेतन दिया जाता है। हमने कोई उपस्थित नही ली जाती। स्थिति यह है कि स्कूल प्राध्यापक द्वारा शाला प्रबंधन समिति के बगैर प्रस्ताव के रसोईयो को हटाना व काम पर रखना आदि कार्य किए जा रहे है। साथ ही यह भी आरोप लगाए जा रहे है उक्त शाला में दो रसोईयो की उम्र 70 वर्ष है इसके बाद भी उक्त रसोईयो से काम कराया जा रहा है।

निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर चले जाते है सीएसी,बीआरसी - बीआरसी और सीएसी को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण करना अनिवार्य है। लेकिन स्थिति है कि कई ग्रामीण क्षेत्रो में 2 से 3 दिनो तक स्कूल के ताले ही नही खुलता है और न ही इन स्कूलो में षिक्षक समय पर पहुचें। इतना ही नही स्कूल में बच्चो को मिलने वाले भोजन को भी रसोईया व षिक्षक डिब्बो में भरकर अपने घर ले जाते है। यदि बीआरसी व सीएसी के निरीक्षण की बात की जाए तो ऑफिसो में बैठकर ही यह फाइलों में निरीक्षण कर लेते है। जिससे इन शालाओं में पदस्थ षिक्षको के भी हौसलें बुंलद होते जा रहें है। वही ग्रामीणो को यह भी आरोप है कि कई षिक्षक ऐसे है जो कि सुबह के समय शाला में पहुचते है और ऑल लाइन एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद शाला में ताला लगाकर अपने निजी कार्य से चले जाते है और शाला बंद होने के समय से कुछ मिनट पहले आकर पुनः अपनी उपस्थित दर्ज कर अपने घर चले जाते है। हाल ही ग्राम सब्दलपुर माध्यमिक शाला के स्व सहायता समूह द्वारा षिकायत की गई कि एक रसोईया को काम न करने के बाद भी वेतन दिया जा रहा है। बडा आष्चर्य का विषय है कि स्कूल के प्राध्यापक,बीआरसी,सीएसी के माध्यम से रसोईयो की ऑल लाइन उपस्थिति जाती है। इस स्थिति और स्पष्ट होती है कि सीएसी किस तरह धरातल पर कार्य कर रहें है। वल्लभ भाई पटेल स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमति गीता बाई चंपालाल कुषवाह ने कहा कि ग्राम सब्दलपुर के स्कूल में चार रसोईया हैं जिनमें एक रसोईया मार्च के महीने से इन्दौर की फेक्ट्री में अपने पति के साथ काम कर रही है। उसको हम समूह वाले फोन लगाकर स्कूल के खाना बनाने की बोल रहे हैं ना तो वह आ रही है और ना हट रही है हर महीने उसका मानदेय 4000 रुपए भी उसको खाते में मिल रहा है टीचर उसकी सूचना बीआरसी को देने में डर रहे हैं क्या करें। सिरोंज विकासखण्ड क्षेत्र में 100 से अधिक माध्यमिक शाला है। जिनमें स्व सहायता समूह के माध्यम से बच्चों को भोजन प्रदान किया जाता है। यदि कभी कोई पालक या ग्रामीण शाला में मिलने वाले भोजन की कभी षिकायत कर देता है तो षिकायत के बाद जब शाला में मिलने वाले भोजन की जांच करने पहुचती है। तो जांच टीम आने की सूचना पहले ही शाला प्रबंधन को मिल जाती है।

इनका कहना है

बीआरसी, सीएसी व प्राध्यापक के माध्यम से रसोईयो की ऑल लाइन उपस्थिति दर्ज होती है। जब वह रसोईया अपना कार्य करने नही आ रही है तो उक्त रसोईया का वेतन कैसे दिया जा रहा है। में इस मामले की जांच कराऊंगा। जांच के बाद नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी।

आरपी लखेरा, डीपीसी विदिशा।

अपने पति का तहसील में बाबू होने का फायदा

शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, एसडीएम को रिकार्ड तक नहीं दिखा पाई अधीक्षिका

सिरोंज। नगर के भोपाल रोड स्थित शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका का एसडीएम हरिषंकर विष्वकर्मा ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वही एसडीएम के निरीक्षण के दौरान छात्रावास में काफी अनियमिताएं देखी गई। इस पर एसडीएम हरिषंकर विष्वकर्मा ने काफी नाराजगी व्यक्त की। जब एसडीएम छात्रावास का लेखाजोखा मांगा तो अधीक्षिका द्वारा कोई भी रिकार्ड नही दिखाया गया। उन्होने एसडीएम से कहा कि छात्रावास का रिकार्ड घर पर रखा हुआ है हम तैयार रहे है। जबकि ईएमईआर रिकार्ड प्रतिमाह तैयार करना अनिवार्य है। इतना ही नही 100 सीट वाले छात्रावास में मात्र 11 छात्राओं ही उपस्थित मिली और छात्रावास परिषर में गंदगी का अंबार भी देखा गया। बालिकाओं के लिए पीने के पानी की भी कोई उचित व्यवस्था नही मिली और बालिकाओं को मिलने वाले भोजन में घटिया सामग्री का उपयोग किया जाता पाया गया। इस स्थिति में बालिकाओं का छात्रावास में रहना मुष्किल हो रहा है। वही बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रावास अधीक्षिका कृपा तिक्री को भी पूर्व में नोटिस दिया गया था। लेकिन

अधीक्षिका ने उक्त नोटिस का कोई जवाब नही दिया। जब जब भी छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तब तब अधीक्षिका छात्रावास से नदारत रही। उन्होने बताया कि छात्राओं के प्रति भी अधीक्षिका का व्यवहार अच्छा नही पाया गया। तहसील कार्यालय में बाबू है अधीक्षिका के पति - शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका में पदस्थ अधीक्षिका कृपा तिक्री के पति सिरोंज तहसील में बाबू के पद पर पदस्थ है। इसलिए अधीक्षिका को किसी भी आकस्मिक निरीक्षण व किसी भी अधिकारी का डर नही है। क्योकि उन्हें यह बात अच्छी तरह पता है कि यदि कोई भी अधिकारी छात्रावास का निरीक्षण करने आया और कमिया मिली भी तो मेरे पति उक्त मामले को संभाल लेंगे। यह बात सत्य है जब जब भी उक्त छात्रावास में आकस्मिक निरीक्षण के लिए कोई टीम पहुचती है। तो वह टीम निरीक्षण करने के बाद अनियमिताएं मिलने के बाद भी छात्रावास अधीक्षिका पर कार्यवाही के लिए कोई नोटिस जारी नही करती है। अधिकारियो के निरीक्षण होने के बाद अधीक्षिका के पति जो कि तहसील कार्यालय में बाबू है वह तुरंत निरीक्षण करने आए अधिकारी से साठ गाठ कर मामले को वही दबा देते है। अब देखना है कि एसडीएम हरिषंकर विष्वकर्मा तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू का पक्ष लेंगे या छात्रावास में निवासरत बालिका के साथ न्याय करेगें। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका कृपा तिक्री के पास कक्षा 1 से 8 तक की 100 सीटो वाला छात्रावास है। वही डीपीसी ने पिछले 4-6 माह पहले उक्त ग्राम मुगलसराय में स्थित बालिका छात्रावास का भी प्रभार दे दिया है। इतना ही नही सिरोंज व मुगलसराय दोनो ही छात्रावासो की अनियमिताओं की षिकायत डीपीसी के पास पहुचने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई।

खबर संक्षेप

युवा संगम में विदिशा चौथे स्थान पर,कलेक्टर को मिला प्रशंसा पत्र, आईजा ने दी बधाई

सिरोंज। युवा संगम कार्यक्रम में द्वारा बहुमूल्य योगदान के लिए रोजगार आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा

शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की है। मध्यप्रदेश के युवाओं के उज्वल भविष्य की दिशा में विदिशा जिला उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। रोजगार आयुक्त म.प्र. गिरीश शर्मा द्वारा माह मई 2026 में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार गतिविधियों में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में विदिशा जिला रैंक-4 पर रहा। यह उपलब्धि जिले की टीम एवं युवाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस अवसर आईजा के प्रदेष अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कलेक्टर अंषुल गुप्ता को शुभकामनाएं प्रेषित की।

शराब के नशे में धुत कर्मचारी पहुचा नपा कार्यालय, मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

सिरोंज। नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को एक रौचक मामले देखने को मिला। जहा नपा में पिछले कई वर्षो से पदस्थ एक कर्मचारी शराब के नषे में नपा कार्यालय में पहुच गया। वह शराब के नषे में इतना धुत था कि अपने पैरो पर भी खडा नही हो पाया तो नपा कर्मचारियो ने उसे उठाकर ऑटो से घर पहुचाया। जिसका वीडिया सोषल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।

सनराइज कॉन्वेंट सियलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सनराइज कान्वेंट हाई स्कूल सियलपुर में विधिक जागरूकता षिविर का आयोंजन किया गया। इस अवसर पर षिविर में न्यायालय से प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट श्रीमती मोना शुक्ला पांडे और न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती ज्योति मेम उपस्थित रही। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती और संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्याअर्पण और दीपज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल के प्राचार्य नीलेश प्रजापति,प्रबंधकइंसाफ खान के द्वारा न्यायाधीशगणो का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और ग्रामीण जन एवं स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट श्रीमती मोना शुक्ला पांडे ने पॉक्सो एक्ट एवं बाल न्यायालय और बाल अपराधों के बारे में बताया और छात्रों को मोबाइल का उपयोग कम करने और साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। साथ ही छात्रों और ग्रामीण जनों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी रामबाबू कुशवाह के द्वारा किया गया। वही आभार व्यक्त स्कूल के प्राचार्य नीलेश प्रजापति द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ और पंचायत सचिव एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पंचखनी जैन मंदिर में दिव्य देशना महिला परिषद ने मनाया विश्व योग दिवस

सिरोंज। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पंचखनी जैन मंदिर में नेहा दीदी,दिशा दीदी के सानिध्य में दिव्य देषना महिला परिषद द्वारा योग दिवस मनाया। इस अवसर पर महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन ने कहा कि योग शारीरिक निरोगता के साथ-सात मानसिक स्वास्थ्य में भी मदद करता है। योग चेतना का विज्ञान है और योग ही चित्त शुद्धि है। आपने शायद सुना होगा कि योग सेहत के लिए अच्छा होता है। हो सकता है आपने इसे आजमाया भी हो और पाया हो कि आप पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। योग न केवल अच्छा महसूस कराता है बल्कि तुरंत संतुष्टि और स्थायी बदलाव भी देता है । इसके अलावा, योग से शरीर में लचीलापन तो आता ही है, साथ ही इसके अन्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों को जानकर आप आश्चर्यचकित भी हो सकते हैं। इस मौके पर दिव्य देषना महिला परिषद की उपाध्यक्ष सरोज घेतल,सचिव श्रीमती मोना,कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

एक गाय से शुरू किया सफर बन गया आधुनिक डेयरी फार्म

पीपलखेड़ा के युवा पशुपालक राजेश धाकड़ ने वैज्ञानिक पशुपालन से लिखी सफलता की नई कहानी, प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपए तक की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- 35 से 38 रुपए प्रति लीटर मिल रहे हैं दूध के दाम।

मेहनत, लगन और आधुनिक तकनीक के समन्वय से ग्राम पीपलखेड़ा के युवा पशुपालक राजेश धाकड़ ने पशुपालन के क्षेत्र में सफलता का नया अध्याय रच दिया है। लगभग दस वर्ष पहले केवल एक गाय से शुरू किया गया उनका छोटा प्रयास आज 15 उच्च नस्ल की गायों वाले आधुनिक डेयरी फार्म में बदल चुका है, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग डेढ़ लाख रुपए की आय हो रही है।

दसवीं तक शिक्षित राजेश धाकड़ की आर्थिक स्थिति प्रारंभ में सामान्य थी, लेकिन आत्मनिर्भर बनने के संकल्प ने उन्हें पशुपालन की ओर प्रेरित किया। शुरुआती कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रशिक्षण लेकर अपने कार्य को नई दिशा दी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मार्गदर्शन तथा विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों से प्राप्त जानकारी को उन्होंने व्यवहार में उतारा। राजेश ने कृत्रिम गर्भाधान तकनीक अपनाकर अपनी देशी गायों से उन्नत एचएफ नस्ल की 15 गायें और एक बछड़ी तैयार की। पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादन बढ़ाने के लिए वे संतुलित आहार के साथ गेहूं, मक्का, चना, सोयाबीन एवं सरसों का उपयोग करते हैं। वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बरसीम, नेपियर और मखखन घास का उत्पादन भी स्वयं करते हैं। वर्तमान में उनके डेयरी फार्म से प्रतिदिन लगभग 130 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। दूध का औसत मूल्य 35 से 38 रुपए प्रति लीटर मिलने के साथ उन्होंने स्वयं का बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) भी स्थापित किया है। इसके माध्यम से वे आसपास के पशुपालकों का दूध खरीदकर दुग्ध संघ और बाजार में विक्रय करते हैं। राजेश का लक्ष्य भविष्य में 50 गायों का आधुनिक डेयरी केंद्र स्थापित करना है।

दो कारों की भिड़ंत में दूल्हा-दुल्हन समेत 8 घायल, सभी सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई

बायपास रोड पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां दो कारों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दूल्हा-दुल्हन समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना टीहर चौराहा के पास उस वक्त हुई, जब विदाई के बाद बारात से लौट रही कार को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। सभी घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, खुरई देहात थाना क्षेत्र के तोड़ा काछी गांव के रहने वाले प्रहलाद कुशवाहा की शादी बीना के बेसरा गांव की पूजा कुशवाहा से हुई थी। शादी की रस्में पूरी होने और दुल्हन की विदाई के बाद सभी लोग अर्टिका कार से वापस लौट रहे थे। तभी सागर की ओर से आ रही एक सफारी कार ने सामने चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और वह सीधे दूल्हा-दुल्हन की कार के सामने आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिका कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और मदद के लिए दौड़े। अर्टिका कार के भीतर दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोग सवार थे, जिनमें से दो लोग गाड़ी के मलबे में बुरी तरह फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के गेट तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और सिविल अस्पताल पहुँचाया। इस घटना के बाद सिविल अस्पताल में घायलों के परिजन का गुस्सा फूट पड़ा। दूल्हे के रिश्तेदार सोनू कुशवाहा ने 108 एम्बुलेंस प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में गाड़ियां खड़ी होने के बावजूद स्टाफ ने घायलों को सागर ले जाने में आनाकानी की। समय पर मदद न मिलने के कारण परिजन को काफी परेशान होना पड़ा और आखिरकार उन्होंने निजी एम्बुलेंस का इंतजाम करके घायलों को सागर भेजा।

2 फीट ऊपर तक उछला, एक्सपर्ट बोले- ये सांपों का प्रजन्न काल

खुरई। रुसल्ला गांव में रविवार की शाम को एक नाग-नागिन का जोड़ा सड़क के बीचों-बीच करीब 15 से 20 मिनट तक एक-दूसरे से लिपटा रहा। इस अनोखे और दुर्लभ दृश्य को देखकर वहां से गुजरने वाले लोग ठिठक गए और उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल निकाल कर इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। मौके पर मौजूद नरेंद्र कुमार ने बताया कि नाग-नागिन का यह जोड़ा एक-दूसरे में पूरी तरह गुत्थमगुत्था था। वे कभी हवा में करीब 2 फीट ऊपर तक उछल जाते, तो कभी सड़क पर रेंगते हुए अजब-गजब करतब दिखाने लगते। इस नजारे को देखने के लिए सड़क पर लोगों का मजमा लग गया, लेकिन डर की वजह से हर कोई दूर खड़े होकर ही यह तमाशा देखता रहा। करीब 20 मिनट तक सड़क पर डटे रहने के बाद यह जोड़ा खुद-ब-खुद पास की झाड़ियों की तरफ निकल गया। सांपों की इस हलचल को लेकर जब वन्यजीव एक्सपर्ट्स ने बताया कि गर्मी के खत्म होने और मानसून के ठीक शुरू होने से पहले का जो समय होता है, वह सांपों का ब्रीडिंग सीजन (प्रजनन काल) होता है।

युवा संगम रोजगार मेले में 477 युवाओं ने लिया भाग, 313 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सागर जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय सागर, शासकीय संभागीय आईटीआई सागर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर के संयुक्त तत्वावधान में सहोदरा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर में ्युवा संगम् कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 477 अभ्यर्थियों ने सहभागिता की, जिनमें से 313 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में 42 महिला आवेदक भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा ने चयनित अभ्यर्थियों को लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा संगम कार्यक्रम के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता एवं रुचि के अनुरूप रोजगार तथा कौशल विकास के अवसर प्राप्त हों।

गायत्री जयंती पर विशेष रक्तदान शिविर, 25 यूनिट रक्त संग्रहित

अखंडदीप जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ राजीव नगर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री जयंती एवं अखंडदीप जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ, राजीव नगर, विदिशा में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गायत्री परिवार के सदस्यों एवं समाजसेवियों ने भाग लेते हुए लगभग 25 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत विदिशा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गगन बाजपेई रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की सराहना की। शिविर में सुमन कुशवाह, सौरभ गुप्ता, अमित नेमा, आकांक्षा श्रीवास्तव, ममता पाठक, एकता श्रीवास्तव, निधि तिवारी, शशांक तोमर, कमलेश अहिरवार, दीपक नामदेव, रश्मि द्विवेदी, हिमाद्रि सविता, जीत भदौरिया, अंकित श्रीवास्तव, संजीव सक्सेना, संगीता चावला, मनोज अग्रवाल, मुकेश आजाद, प्रभास सोनकर एवं आशीष कुमार सहित अनेक लोगों ने रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया।

खबर संक्षेप

अज्ञात कारणों से 25 वर्षीय युवक ने लगाई आम के पेड़ पर फांसी

दीवानगंज। क्षेत्र के ग्राम निनोद में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात युवक ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निनोद निवासी मलखान सिंह मीणा (25 वर्ष) ने अपने खेत में लगे आम के पेड़ पर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस फांसी लगाने के कारणों की पुलिस जांच कर री है।

शिव महिला मंडल ने मंत्री पटेल का मनाया जन्मदिन

बरेली। नगर में 30 वर्षो से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन एवं भजन मंडल संचालित करने वाली श्री शिव महिला मंडल द्वारा अपने संत भवन में राज्यमंत्री पटेल का उत्साह पूर्वक जन्मदिन मनाया और फलों से तुलादान किया गया। पशु चिकित्सालय के पास ही श्री शिव महिला मंडल का संत निवास भवन है। शिव महिला मंडल की महिलाओं द्वारा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का फलों से तुलादान एवं आयु अनुसार दीपक जला कर भारतीय संस्कृति के अनुसार उत्साह पूर्वक जन्मदिन मनाया गया। महिला मंडल की आध्यक्ष शिला राये संरक्षक क्षया सोनी, किरण राठी, मुन्नी बाई प्रजापति, पार्वती राजपूत, संगीता रघुवंशी सह प्रभारी संख्या में महिलाओं द्वारा राजमंत्री पटेल को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी गई।

हर बच्चा स्कूल के लिए तैयार हो, यही कमाल की तैयारी का संकल्प

रायसेन। जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में इन दिनों कुछ अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। बच्चे खेल रहे हैं, गा रहे हैं, चित्र बना रहे हैं और इस सबके बीच चुपचाप सीख भी रहे हैं। यह सब हो रहा है स्कूल रेडीनेस मेला — कमाल की तैयारी 2026 अभियान के तहत, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग, रायसेन एवं प्रथम फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य है 5 से 6 वर्ष आयु के उन बच्चों को स्कूल के लिए पूरी तरह तैयार करना, जो जल्द ही आंगनवाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में कदम रखने वाले हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभिभावकों को प्रतिदिन वीडियो आधारित खेल-गतिविधियाँ भेजी जा रही हैं। इन गतिविधियों को माता-पिता घर पर बच्चों के साथ करते हैं। इस पूरे अभियान की निगरानी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं प्रथम फाउंडेशन की जिला डीआरपी नीता यादव द्वारा की जा रही है।

ई-टोकन में उलझे किसान, उधर खरीफ की फसलों पर बुवाई का मंडरा रहा संकट

खाद के लिए ई-टोकन जनरेट नहीं हो रहे, रात में खुल रहा पोर्टल, चंद मिनट में खत्म हो रहा स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

खरीफ सीजन की दस्तक के साथ ही जिले के किसानों के सामने खाद संकट गहराता जा रहा है। डीएपी और यूरिया वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गई है। सर्वर डाउन रहने, ओटीपी नहीं आने और दिन में पोर्टल के काम नहीं करने से किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं।

हालात यह हैं कि कई किसान रात-रात भर जागकर अपने मोबाइल के द्वारा ही ई-टोकन जनरेट करने की कोशिश कर रहे हैं, फिर भी उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है।

धान और सोयाबीन की बुवाई का समय नजदीक है। ऐसे में खेतों की तैयारी कर चुके किसान खाद के इंतजार में हैं। जिले के कई किसानों का आरोप है कि दिन में पोर्टल पर लॉगिन करने पर या तो सर्वर एरर बताता है या फिर ओटीपी नहीं आता। यदि कभी पोर्टल खुल भी जाए तो खाद की उपलब्धता नहीं दिखाई देती। वहीं रात 12 बजे के बाद कुछ मिनटों के लिए स्टॉक दिखाई देता है और देखते ही देखते पूरा स्टॉक बुक हो जाता है।

ई-टोकन व्यवस्था का बुराहाल...

- दिन में सर्वर डाउन और ओटीपी नहीं आने की शिकायतें।
- रात 12 बजे के बाद कुछ मिनटों के लिए खुलता है पोर्टल।
- 4 से 5 मिनट में खाद का पूरा स्टॉक बुक होने का दावा।
- किसान 60 किमी तक का सफर कर केंद्रों तक पहुंच रहे।

रात में खुल रहा पोर्टल, कुछ मिनट में ही खत्म स्टॉक

किसानों का कहना है कि रात में पोर्टल खुलने के बाद महज 4 से 5 मिनट तक ही खाद की उपलब्धता दिखाई देती है। इसी दौरान जो किसान तकनीकी रूप से सक्षम हैं या लगातार मोबाइल पर निगरानी रखते हैं, वे टोकन बुक कर लेते हैं। बाकी किसान हाथ मलते रह जाते हैं। 21 जून की रात 12:15 बजे किसान भुजेंद्र जादोन पुरुषोत्तम दांगी ने डीएपी और यूरिया के लिए टोकन बुक किया, जिसमें उसे 16 बोरी डीएपी और 21 बोरी यूरिया आवंटित हुई। वहीं दूसरे किसान को रात 2:37 बजे 18 बोरी डीएपी और 12 बोरी यूरिया का टोकन मिला। इससे किसानों में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि आखिर रात के समय ही खाद उपलब्धता क्यों दिखाई देती है।

गोदाम में खाद, पोर्टल पर उपलब्धता शून्य

किसानों की शिकायत यह है कि जिला विपणन केंद्र और अन्य गोदामों में खाद का स्टॉक मौजूद होने के बावजूद पोर्टल पर उसकी उपलब्धता नहीं दिखाई जा रही है। कई किसान 50 से 60 किलोमीटर दूर गांवों से रायसेन और अन्य केंद्रों तक पहुंच रहे हैं।, लेकिन ई टोकन नहीं मिलने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का सवाल है कि यदि गोदामों में यूरिया और डीएपी उपलब्ध है तो पोर्टल पर स्टॉक क्यों नहीं दिख रहा। इससे वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों को आशंका है कि कहीं तकनीकी खामियों की आड़ में कुछ लोगों को फायदा तो नहीं पहुंचाया जा रहा।

तकनीक समझने वाले आगे, बाकी किसान पीछे

ई-टोकन व्यवस्था का एक दूसरा पक्ष भी सामने आया है। ऑनलाइन प्रक्रिया की बेहतर जानकारी रखने वाले किसान रात में टोकन प्राप्त कर ले रहे हैं, जबकि अधिकांश किसान दिनभर खाद वितरण केंद्रों और साइबर कैफे के चक्कर काटते रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क की समस्या और तकनीकी जानकारी के अभाव के कारण बुजुर्ग एवं छोटे किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि शासन ने व्यवस्था तो डिजिटल कर दी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को नजरअंदाज कर दिया। नतीजा यह है कि खेती-किसानी का काम छोड़कर किसानों को पोर्टल के भरोसे रहना पड़ रहा है।

बुवाई प्रभावित होने की बनी आशंका

कृषि विशेषज्ञ डॉ स्वनिल दुबे का मानना है कि खरीफ फसलों की बुवाई के शुरुआती चरण में खाद की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण होती है। यदि समय पर डीएपी और यूरिया नहीं मिला तो बुवाई प्रभावित हो सकती है और उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। जिले में मानसून की सक्रियता के साथ किसान खेतों में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन खाद की अनुपलब्धता चिंता बढ़ा रही है।

व्यवस्था सुचारु

खाद वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। दैनिक वितरण के अनुसार स्टॉक अपडेट किया जाता है। किसानों की शिकायतों का परीक्षण किया जाएगा।

- **कल्याण सिंह ठाकुर,** जिला विपणन अधिकारी

पर्याप्त खाद है

एमपी एग्रो की गोदाम गल्ला मंडी में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। शासन द्वारा किसानों को ई टोकन के जरिए डीएपी यूरिया एनपीके खाद बेची जा रही है।

- **मनोहर उईके,** प्रभारी अधिकारी एमपी एग्रो रायसेन।

रसूख की बाढ़ में डूबती प्रशासनिक साख

मूकदर्शक बना प्रशासन, आखिर दबंगों को किसका वरदहस्त प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फॉलोअप

जब रसूखदारों के निजी स्वार्थ, जनता के सामूहिक अधिकारों पर हावी होने लगें और तंत्र मूकदर्शक बन जाए, तो इसे सुशासन नहीं, बल्कि प्रशासनिक सरेंडर कहा जाता है। एक तरफ सरकार 'अतिक्रमण पर पीला पंजा' चलाने और जीरो टॉलरेंस नीति का ढिंढोरा पीटती है, तो दूसरी तरफ गैरतगंज का यह इलाका यह पूछ रहा है कि आखिर इन दबंगों को किसका वरदहस्त प्राप्त है? क्यों करोड़ों का सरकारी बजट स्वीकृत होने के बाद भी जेसीबी की चाबी अधिकारियों की जेब में ही जंग खा रही है? वार्डवासियों का आक्रोश और चेतावनी बिल्कुल जायज है। अगर जनता को अपने आशियाने बचाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़े, तो यह प्रशासन के माथे पर कलंक होगा। अब वक्त कागजी नोटिस जारी करने या फाइलों को एक टेबल से दूसरे टेबल पर सरकाने का नहीं है, वक्त धरातल पर कड़े एक्शन का है। प्रशासन को यह समझना होगा कि यदि समय रहते यह अतिक्रमण ध्वस्त नहीं हुआ, बारिश में घर ही नहीं प्रशासन की साख भी बाढ़ में बह जाएगी।

नगर के वार्ड नंबर 11 और 13 के बीच से गुजरने वाले नाले पर दबंगों के पक्के अवैध निर्माण की तस्वीरें केवल एक नागरिक समस्या नहीं हैं, बल्कि यह हमारे प्रशासनिक तंत्र के खोखलेपन और रसूखदारों के आगे घुटने टेकने की लाचारी का जीवंत दस्तावेज हैं।

गंभीर मुद्दे को समाचार पत्र द्वारा लगातार उठाए जाने के बावजूद स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद की 'रहस्यमयी चुप्पी' यह सोचने पर मजबूर करती है कि व्यवस्था आखिरकार किसके लिए काम कर रही है। नागरिकों के लिए या फिर चंद ताकतवर अतिक्रमणकारियों के लिए?

यह स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब मानसून सिर पर आ चुका है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाला नाला प्रोजेक्ट आज भी सिर्फ फाइलों की शोभा बढ़ा रहा है, जबकि ज़मीन पर नाले का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। जब जल निकासी का कोई रास्ता ही नहीं बचेगा, तो पहली ही भारी बारिश में जो बाढ़ आएगी, वह प्रकृति की आपदा नहीं बल्कि प्रशासन जनित आपदा होगी। क्या ज़िम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे या जनहानि का इंतज़ार कर रहे हैं?

इनका कहना है

कस्बा पटवारी सिद्धार्थ त्रिपाठी से रिपोर्ट मांगी है रिपोर्ट आने पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

- **अमृता सुमन,** तहसीलदार।

कलेक्टर ने कहा- सड़क हादसों को रोकने के लिए उठाएं प्रभावी कदम

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, लोगों को यातायात नियमों से जागरूक करने किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार संबंधित अधिकारियों से अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर तथा एसपी ने जिले में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए दुर्घटना संभावित स्थलों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में स्कूल, कॉलेज चिकित्सालय सहित अन्य स्थलों के समीप सड़कों पर कैट आई, विभिन्न संकेतक चिन्ह या साइन बोर्ड, रैलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने पर चर्चा की गई।

नर्मदा मैया सेवा आश्रम में मनाया राजमंत्री पटेल का जन्मदिन

पुजारियो और ब्राह्मणों का सम्मान कर भेंट किए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

क्षेत्रिय विधायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का नर्मदा मैया सेवा आश्रम में विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं, सरपंचो, जनपद सदस्यो, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जन्मदिन मनाया गया। राजमंत्री पटेल ने नर्मदा मैया की विशेष पूजन आरती की। जन्मदिन कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामों से आए खेड़ापति मंदिरों के पुजारियों को भोजन प्रसादी करवा कर राजमंत्री पटेल एवं परिवार के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया।

बधाई देने हजारों की भीड़ : राज्यमंत्री नरेंद्रशिवाजी पटेल परिवार द्वारा नर्मदामाईया के उत्तर तट मांगरोल मे वर्षो से नर्मदा परिक्रीमा वासियो के लिए आश्रम संचालित किया जा रहा है। रविवार को 11 बजे से जन्मदिन कार्यक्रम शुरु हुआ विधानसभा क्षेत्र के देवरी उदयपुरा बरेली और भरकच कला बाड़ी तहसील के ग्रामों और नागरों से हजारो ग्रामीणों भाजपा कार्यकर्ताओं मंडलों के पद अधिकारियों देवरी उदयपुरा बरेली के नगर परिषद अध्यक्षो के साथ विधिन शासकीय विधागो के अधिकारियों कर्मचारियों की भारी उपस्थिति रही। राजमंत्री पटेल के जन्मदिन अवसर पर विविध संस्थाओं संगठन द्वारा जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देते हुए राजमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का सम्मान किया गया। प्रांगण में गीत-संगीत का कार्यक्रम भी चलता रहा।

सेवा सम्मान विकास प्राथमिकता

राजमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने पूरे विधानसभा क्षेत्र से आए हजारों समर्थकों की बधाई व शुभकामनाएं स्वीकार कर सभी का ह्रदय से आधार व्यक्त किया। कहा की क्षेत्र के लोगों की सेवा सम्मान ओर विकास निमाण कार्य उनकी प्राथमिकता है। सभी के सहयोग से क्षेत्र मे निरंतर विकास के कार्य हो रहे है प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश प्रदेश तेजी से विकसित भारत की दिशा मे आगे बड़ रहा है।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक-2 में पशु चिकित्सालय की जमीन पर 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में वार्डवासियों ने राज्यमंत्री पटेल का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष हेमंत राजाभैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षदगण, एसडीएम अंकित जैन, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा, एसडीओपी कुंअर सिंह मुकाती, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, सीबीएमओ डॉ हेमंत यादव, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल और वार्डवासी मौजूद रहे।

कैलाश धाम में शिवशक्ति महायज्ञ जारी, 23 यजमान दे रहे आहुतियां

आशुतोष भगवान की भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

तहसील क्षेत्र के धनगवां रोड स्थित कैलाश धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का अनूठा माहौल देखा जा रहा है। यहां गत 16 जून से आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापना महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को आशुतोष भगवान की भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

यह धार्मिक आयोजन परमहंस संत ब्रह्मलीन स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा एवं कृपा से उनके शिष्य संत गिरीशानंद महाराज (खपड़िया वाले बाबा) के पावन सान्निध्य में संपन्न हो रहा है।

कल होगा मुख्य उत्सव

महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला में प्रतिदिन 23 यजमानों द्वारा आचार्य गणों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष आहुतियां प्रदान की जा रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार, महोत्सव के मुख्य चरण में 23 जून को मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार, 24 जून को होगी। समापन पर वैदिक ब्राह्मणों की विदाई एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सारिका घारू ने दी 25 जून तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की सीख

चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका ने लोक संगीत से युवाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन / दीवानगंज

राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में रोचक गतिविधियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव के मार्गदर्शन में आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू ने पारंपरिक और आधुनिक तौर-तरीकों का संगम कर लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जोड़ा। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सारिका घारू ने नागरिकों का एक बड़ा भ्रम दूर करते हुए विशेष रूप से स्पष्ट किया कि यह करीब 6 महीने पहले हुए भारत निर्वाचन आयोग एसआईआर यानी लोकसभा या विधानसभा वाली मतदाता सूची से अलग प्रक्रिया है। वर्तमान में आपके गांव की पंचायत और शहर के नगर निकाय के चुनावों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यह प्रक्रिया चलाई जा रही है। इसलिए, जिन नागरिकों का नाम विधानसभा सूची में है, उन्हें भी इस स्थानीय निकाय की सूची में अपना नाम दोबारा जरूर जांचना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोकसंगीत रहा, जिसके माध्यम से स्थानीय भाषा में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की कहानी को बेहद रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, 25 जून तक नाम जोड़ना, हम सबकी जिम्मेदारी जैसे आकर्षक चुनावी जिंगल्स और गीतों की मदद से आमलोगों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को जागरूक किया।

इस दौरान सारिका घारू ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय सरकार हमारे लोकतंत्र की बुनियाद है। जो युवा 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष के हो चुके हैं, वे अपना नाम तुरंत जुड़वाएं। इसके साथ ही आयोग द्वारा बढ़ाई गई 25 जून की अंतिम तिथि का उपयोग कर मतदाता सूची में नाम, लिंग या पते की त्रुटियों को सुधरवाएं। कार्यक्रम में स्थानीय चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के संकल्प को भी मजबूत किया।